# सावन सिंधारा और झूलोत्सव से गुलजार रहा अग्रसेन भवन

वाददाता। रांची

अग्रसेन भवन परिसर में मंगलवार को सावन सिंधारा और झूलोत्सव से गुलजार रहा. यहां अग्रवाल महिला समिति के तत्वावधान में 25वें तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेला का आयोजन किया गया है और मंगलवार मेले का दूसरा दिन था. दूसरे दिन जहां वस्त्रादि की जमकर बिक्री हुई, वहीं महिलाओं ने आयोजित कार्यक्रमों का भी खूब आनंद लिया. मौके पर बहू- बेटियों का सिंधारा किया गया. महिलाओं ने सावन के मनमोहक गीत प्रस्तुत कर पर ठुमके भी लगाए. झूला झूलकर खूब आनंद लिया. कई मजेदार गेम्स के साथ अंताक्षरी खेली गई. बाद में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. घर-गृहस्थी के साजो-समान के साथ लगे लजीज व्यंजनों का स्टाल देर शाम तक लुभाता रहा. संयोजिका अलका सरावगी ने बताया कि बुधवार को शाम चार बजे मेले का समापन होगा. इस दौरान बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा.

**अग्रवाल महिला समिति के तीन दिवसीय सावन महोत्सव का दूसरा दिन**



अग्रसेन भवन में आयोजित सावन महोत्सव मेले में सावन सिंधारा और झूले का आनंद.

**निभायी भागीदारी :** रूपा अग्रवाल, नीरा बथवाल, रीना सुरेखा, अंशु नेवटिया,गीता डालमिया, बिना बूबना, मंजू केडिया, मधु सराफ, सरिता अग्रवाल, प्रीती पोद्दार, मंजू गाड़ोदिया, बीना मोदी, सीमा पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, छाया अग्रवाल, प्रीती बंका, उर्मिला पड़िया, लक्ष्मी पाटोदिया, सीमा टांटिया, सुनैना लोयलका, प्रीती फोगला, शशि डागा, सुषमा पोद्दार, बबीता नारसरिया, अलका अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वर्णालता जैन, करुणा अग्रवाल, मीरा टिंबरेवाल, प्रीति केडिया, जया बिजावत, सुधा अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल ने इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी.

### सावन मेले में 100 से भी ज्यादा स्टॉल

सावन महोत्सव मेले में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगे हैं, जिसमें जयपुरिया ज्वेलरी, कोलकाता, बनारस, भागलपुर की ढेरों डिजाइनर कलात्मक साड़ियां, शादी के लहंगे, एक्सक्लूसिव डिजाइनों में सलवार सूट, बेडशीट, छोटे बच्चों के स्पेशल कपड़े, रंग-बिरंगे नवीनतम राखियां, अलग-अलग शहरों की स्पेशल सामग्रियों का कलेक्शन, इंडो वेस्टर्न ड्रेस, सजावट के समान, श्रृंगार एवं पूजा की सामग्री, लड्डू गोपाल के पोशाक, हस्तशिल्प उत्पाद सामग्री, अचार, पापड़, बड़ी, मुरब्बा तथा अन्य सामग्री की खरीदारी महिलाओं ने जमकर की.

# श्रावण के साथ आयी त्योहारों की श्रृंखला, झूम उठा संसार

संवाददाता। रांची

श्रावण मास प्रारंभ होते ही त्योहारों की झड़ी लगी है. संसार झूम उठा है. सनातनी देवाधिदेव की भक्ति में रमे हैं. चहुंओर बोल बम का नारा गूंज रहा. मात्र जलाभिषेक से रिझने वाले देवो के देव महादेव ही ऐसे देवता हैं, जिनकी पूजा सर्वत्र की जाती है. सावन का महीना शंभू नाथ की भक्ति के साथ त्योहारो का भी सौगात लेकर आता है. पूरे माह त्योहारो की बहार रहेगी.

**महिलाओं ने रखा मंगला गौरी का व्रत :** सावन माह के दूसरे दिन मंगलवार को मंगला गौरी व्रत श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया. आचर्य श्रीकृष्ण ने बताया कि मंगला गौरी का व्रत कल्याणकारी है. अब दूसरी सोमवारी 29 जुलाई, तीसरी 0 5 अगस्त, चौथी 12 अगस्त और अंतिम सोमवारी 19 अगस्त को है. इस बीच मंगला गौरी व्रत 30 जुलाई, 06 और 13 अगस्त को पड़ेगा.

### सावन के व्रत त्योहार

24 जुलाई –गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत, 27 को कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, 31 को कामिका एकादशी. 02 अगस्त को सावन शिवरात्रि, 06 को मासिक दुर्गाष्टमी, 07 को हरियाली तीज, 08 को विनायक चतुर्थी, 09 को नाग पंचमी, 13 को मासिक दुर्गाष्टमी, 16 को पुत्रदा एकादशी, 19 अगस्त अंतिम सोमवारी और रक्षा बंधन के साथ श्रावण मास का समापन.

# रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ का पदस्थापन समारोह



सम्मानित किये गये रथीन भद्रा एवं दीपक श्रीवास्तव.

संवाददाता। रांची

- डायरेक्टर क्लब एडमिनिस्ट्रेशन पद पर रथीन भद्रा पदस्थापित

रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ के 54वें पदस्थापन समारोह में नए सत्र (2024-2-25) के पदाधिकारियों ने पदभार संभाला. अध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव राजा बागची और कोषाध्यक्ष नीरज सिन्हा के अलावा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने नए सत्र के लिए क्लब की जिम्मेवारी संभाली. मौके पर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3250 चेयरमैन रथीन भद्रा को सीआरपीएफ के डीआईजी डीएन लाल ने समाज के लिए किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया.इसके आलावा रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3250 जोन 6 के असिस्टेंट गवर्नर दीपक श्रीवास्तव भी पानी के क्षेत्र आपने यूनिक इनोवेशन एक्वालाइन व वाटरलाइन वाटर कंजर्वेशन के माध्यम से समाज के लिए काम करने के लिए सम्मानित किए गये.

मौके पर सीआरपीएफडीआईजी डीएन लाल व उनकी धर्मपत्नी सहित फाइनेंशियल गुरु योगेंद्र साहू को भी रोटरी क्लब में शामिल किया गया. पास्ट प्रेसिडेंट निर्मल तिग्गा ने कलर व बटन एक्सचेंज कर डॉ अरविंद को नए अध्यक्ष पद पर पदस्थापित किया. पांडे नीरज राय ने धन्यवाद किया

रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3250 के स्ट्वर्डशिप के चेयरमैन मुकेश तनेजा ने पिन लगा कर रथीन भद्रा को रोटरी रांची साउथ के डायरेक्टर क्लब एडमिनिस्ट्रेशन के पद पर पदस्थापित किया. उनके साथ साथ सुशील चौधरी, शिवेंद्र मोहन, सुवेंदु भट्टा, अशोक सिन्हा, सुफल एक्का, साची कुमारी, सुभाष कुमार, श्रवण गिरी, अखिलेश कुमार व पांडेय नीरज गणपत राय को भी पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल सिंह और रेखा सिंह ने पिन लगा कर डायरेक्टर के अलग-अलग पद पर बैठाया. सभी रोटरियंस जिन्होंने पिछले साल (वित्तीय वर्ष 23-24) में कंधे से कंधा मिला कर समाज की सेवा की थी, उन सभी को रोटरी हमसफर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.

## छात्रवृत्ति वितरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोले कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा

# कल्याण और शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक

**खास बातें**

- प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- स्कूलों में बाल संसद को मजबूत बनाये जाने पर जोर

विशेष संवाददाता। रांची

आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय ई-कल्याण छात्रवृत्ति वितरण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में बोलते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि कल्याण तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी मिलकर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें.

उन्होंने पदाधिकारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा समस्याओं का समाधान भी किया. उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के बीच समन्वय जरूरी है. दोनों मिलकर छात्रवृत्ति के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए एक साथ काम करें. ऐसा तभी संभव है, जब दोनों विभागों के बीच अच्छा ताल-मेल हो. इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बाल संसद को भी मजबूत होना आवश्यक है, क्योंकि यह बाल संसद बच्चों को लोकतंत्र के संबंध में प्रायोगिक ज्ञान देती है और अच्छे नागरिक बनाने में भूमिका निभाती है.



राज्य स्तरीय ई-कल्याण छात्रवृत्ति वितरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे पदाधिकारी.

### छात्रवृत्ति योजना को सफल बनाने के लिए गहन विचार-विमर्श

कार्यक्रम में कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी एक साथ मिलकर इस छात्रवृत्ति वितरण के उद्देश्य को संयुक्त रूप से सफल बनाने के लिए आपस में गहन विचार-विमर्श किया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य आईएनओ और जिला स्तर के पदाधिकारियों को छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के प्रभावी प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए नवीनतम जानकारी और रणनीतियां प्रदान करना है. प्रशिक्षण में आवेदन प्रक्रिया, योग्यता मानदंड, वित्तीय प्रबंधन, और छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता जैसी विभिन्न चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ. यह राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जो अगले कुछ दिनों में जिला और प्रखंड स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा. इसके तहत राज्य के सभी स्कूलों के 35,000 आईएनओ को प्रशिक्षण देना है. इस प्रशिक्षण के माध्यम से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, और पिछड़े वर्ग के वंचित बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की बाधा न आए इस उद्देश्य को हासिल करना है. कार्यक्रम में उपनिदेशक संगीता शरण सहित कई लोग शामिल हुए.

## न्यूज अपडेट

### डीटीओ ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में डीटीओ अखिलेश कुमार.

**रांची।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागररूकता लाने को लेकर रांची डीटीओ अखिलेश कुमार एवं सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार के द्वारा दीपाटोली कैंप में कारगिल विजय दिवस पर हथियार तथा उपकरणों का प्रदर्शन करते हुए सड़क सुरक्षा का स्टॉल लगाया गया. इस समारोह में उपस्थित आर्मी ट्रक ड्राइवर्स तथा एनसीसी कैंडिडेट का संयुक्त रूप से कॉन्फ्रेंस किया गया. जिसमें डीटीओ अखिलेश कुमार सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार एवं आर्मी पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे. गौरव ने एमवी एक्ट तथा इसके उल्लंघन करने वालों पर की जाने वाली कार्रवाई के संदर्भ में बताया. सड़क दुर्घटनाओं में हिट एंड रन से संबंधित जानकारी दी. डीटीओ ने जिलेवासियों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन जरूर करे.

### विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी हुई प्रारंभ



विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी में आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि.

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस को लेकर केंद्रीय सरना समिति एवं विभिन्न आदिवासी संगठनों ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है. इसे लेकर मंगलवार को मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क में बैठक हुई. इसका नेतृत्व केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने किया. निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को भव्य तरीके से मनाया जायेगा. आदिवासी परंपराओं के अनुसार धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया जायेगा. अजय तिर्की ने बताया कि सरहूल के तर्ज पर इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने कहा कि इस वर्ष सभी आदिवासी लोग मेन रोड में उतरेंगे और सभी खोड़ा दलों को 5 सखुआ पेड़ और मुर्गा मुर्गी, सहित खोड़ा दलों को 5 हजार रुपया का इनाम देना का घोषणा किया है.

### शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह 28 को

**रांची।** गुरु नानक भवन, कृष्णा नगर कॉलोनी में 28 जुलाई को शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह होगा. गुरुनानक सेवक जत्था के इस आयोजन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य और डॉ अजय छाबड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि मौके पर राज्य के मानवतावादी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जत्था सम्मानित करेगा. इसके लिए 70 लोगो का चयन किया गया है. सूरज झंडई ने बताया कि मौके पर रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा. रौनक ग्रोवर,हरविंदर सिंह मिढ़ा,करण अरोड़ा, पीयूष मिढ़ा, आयुष पपनेजा, रुद्र गिरधर, हर्ष सरदाना, इनीश काठपाल, वंश डावरा, आकाश पपनेजा, कशिश नागपाल, गीतांशु गांधी, हर्षित बजाज, आयुष गांधी, गीतांशु तेहरी आदि इसकी तैयारी में लगे हैं.

### श्रीश्याम मंदिर में किया गया 111 वां सुंदरकांड पाठ

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को 111 वां सुंदर कांड और हनुमान चालीसा पाठ किया गया. शाम चार बजे मुख्य यजमान मुकेश बरनवाल, राधा देवी बरनवाल ने सपरिवार संग हनुमान के दरबार में पूजा-अर्चना कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की. श्रीश्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन कराया. इसके बाद श्रीगणेश वंदना के साथ पाठ प्रारंभ हुआ. मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों संग ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ सस्वर पाठ कर भक्ति की अविरल धारा बहायी. पाठ के समापन के बाद बालाजी की महाआरती उतारी गयी. अध्यक्ष सुरेश सरावगी, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मनीष, सिम्पा, ऋतिक, मुकेश ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

### इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी कैंपस में अवस्थित इंस्टीट्यूट ऑफ़ लीगल स्टडीज में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है. यह जानकारी इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. एसएन मिश्र ने दी है. उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के प्रथम चरण में बीबीए, एलएलबी (ऑनर्स) एवं एलएलएम में नामांकन फार्म मिलना शुरू हो गया है. आगामी 10 अगस्त इच्छुक छात्र नामांकन फॉर्म लेकर इंस्टीट्यूट के कार्यालय में जमा कर सकेंगे.

### सेल सीईटी ने उत्सव के साथ स्थापना दिवस मनाया, पौधरोपण किया

**रांची ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने अपना 43वां स्थापना दिवस भव्य समारोहों और सामुदायिक कार्यक्रमों के साथ मनाया. सीईटी परिवार के बच्चों और महिलाओं ने अपने कलात्मक कौशल से स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता पर बीते पखवाड़े में कई उत्कृष्ट कार्यक्रमों का आयोजन किया. कार्यक्रम के दौरान रांची सदर अस्पताल के सहयोग रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. उत्सव के दौरान इस्पात भवन में सीईटी कार्यालय की छत पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसका नेतृत्व निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चे माल)ऐके सिंह ने किया. इसके बाद सीईटी ने इस्पात एक्जीक्यूटिव्स हॉस्टल में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया. कार्यक्रमों में सेल की रांची स्थित इकाइयों के कार्यपालक निदेशक और वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे. उत्सव का समापन रांची में सेल के इस्पात भवन सभागार में एक सांस्कृतिक उत्सव के साथ हुआ.

# तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारिका तथा सोमनाथ भेजे गये 820 श्रद्धालु



हटिया स्टेशन से सोमनाथ के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन को रवाना करते अधिकारी.

संवाददाता ।रांची

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हटिया स्टेशन से सोमनाथ के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन खुली. जेटीडीसी के जीएम आलोक प्रसाद, जीएम राजीव सिंह, एमडी प्रेम रत्न ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस ट्रेन से झारखंड के 820 हिन्दू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ धाम की यात्रा पर भेजा गया. इसमें रांची के 72 धर्मावलंबी भी शामिल हुए. इस दौरान पर्यटन, रेलवे और आईआरसीटीसी के पदाधिकारी मौजूद रहे. बता दें झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है.

जेटीडीसी के एमडी प्रेम रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत करीब 820 लोगों को द्वारका और सोमनाथ की तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा है. यह आज प्रारंभ हुई है और आईआरसीटीसी इसकी नोडल एजेंसी है, सबके खाने-पीने और सुरक्षा का जिम्मा इन्हें मिला है. इसमें जो लोग आर्थिक अभाव के कारण तीर्थ यात्रा में नहीं जा पाए, उन्हें भेजा जाता है.

आईआरसीटीसी के जॉइंट डायरेक्टर राजेंद्र गोलबन ने कहा कि इस ट्रेन को ऐसा बनाया गया है, इसमें गर्म खाना मिलेगा. इसमें जो लोग इस ट्रेन से जाते हैं, उन्हें निशुल्क खाना और घूमने के लिए भेजा जाता है. तीर्थ स्थल पर पहुंचकर द्वारकाधीश और सोमनाथ के दर्शन कराए जाएंगे.

# परमवीर अब्दुल हमीद के नाम हो कांटा टोली फलाईओवर

संवाददाता। रांची

परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति की बैठक सुल्तान कॉलोनी कांटाटोली में समिति अध्यक्ष मो इम्तियाज की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कांटाटोली परमवीर अब्दुल हमीद चौक पर स्थित स्मारक स्थल के नामकरण को कैबिनेट से मंजूरी दिलाने एवं कांटाटोली फ्लाई ओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद फ्लाई ओवर रखने पर विचार विमर्श किया गया. समिति अध्यक्ष ने कहा कि हमारी समिति 40 वर्षे से लगातार परमवीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस कांटा टोली अब्दुल हमीद चौक पर मनाती आ रही है. रांची की पूर्व मेयर रमा खलखो के समय में ही इस चौक का नामकरण परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर करने का प्रस्ताव रांची नगर निगम की ओर से दिया गया था. लेकिन इस चौक का सुंदरीकरण आज तक सरकार की ओर से नहीं कराया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है. परमवीर अब्दुल हमीद चौक को भव्य बनाया जाए, इस स्थल का सौंदर्यकरण किया जाए एवं कांटा टोली फलाई ओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर रखा जाए. समिति ने यह मांग सरकार से की है. इन सभी मांगों को लेकर परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति का प्रतिनिधिमंडल जल्द अल्पसंख्यक कल्याण एवं नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से मिल कर मांग पत्र सौंपेगा. मौके पर महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन, सचिव मो शहाबुद्दीन, जमैतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, चिश्तिया पंचायत के अध्यक्ष इश्तियाक, लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान, चांद खान, मो जाहिद, मो शकील, शहजाद मलिक, बुलंद, परवेज कुरैशी, आशिक कुरैशी एवं कांटाटोलीवासी शामिल थे.

### उर्दू से जुड़े ज्वलंत मुद्दों से कराया अवगत

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद) झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने जेएमएम के महासिचव सुप्रियो भट्टाचार्य, सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और विधायक विनोद सिंह से मंगलवार को मिल कर उर्दू के संबंध में 7 सूत्री ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से बताया कि 24 वर्षों की लंबी अवधि के बाद भी झारखंड सरकार ने उर्दू को उसका उचित स्थान नहीं दिया है. उर्दू अकादमी के गठन सहित प्लस टू के 512 सरकारी विद्यालयों में उर्दू इकाई की व्यवस्था नहीं होने से उर्दू पढ़ने वाले बच्चे अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के बुनियादी अधिकार से वंचित हो रहे हैं. 16 अक्टूबर 2007 की अधिसूचना के क्रियान्वयन अभी तक नहीं हो पाया है. जहां दस या उससे अधिक लड़के-लड़कियां उर्दू पढ़ रहे हैं, वहां उर्दू इकाई की स्थापना सुनिश्चित की जाए, हालिया आदेश के माध्यम से सर्वेक्षण सूची से उर्दू का नाम हटाने पर नाराजगी जताई गई है.



ज्ञापन लेते जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य.

**आयोजन** रातू डायट में संकुल साधनसेवियों के दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# अलग-अलग पत्रों व निर्देशों से शिक्षक, छात्र कनफ्यूज्ड

संवाददाता। रांची

प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रोजेक्ट रेल, एफएलएन सहित अन्य विषयों पर डायट रातू में मंगलवार को रांची जिले के संकुल साधनसेवियों की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया. कार्यशाला के दौरान संकुल साधन सेवियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के अनुभवों, स्कूलों में होने वाले बदलाव तथा सकारात्मक पहलुओं पर चर्चा की गई. कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सोनालिका गरई, अनुप शुक्ला एवं डायट की सोनाली मिंज ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीआरपी से उनके अनुभवों को साझा किया. इस मौके पर लापुंग प्रखंड के संकुल साधनसेवी मनोज कुमार साहु ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कातिंगकेला,बेडो. के विकास कुमार गुप्ता ने बेड़ो के नेहालू पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डीपा टोली तथा अब्दुल नासिर ने नरकोपी के विद्यालयों के सकारात्मक बदलाव पर प्रकाश डाला. वहीं रांची सदर की पम्मी कुमारी, रागिनी सिन्हा एवं रीना कुमारी ने कहा कि जब-तक सीआरसी में बंद किए गए आवर्ती प्रशिक्षण को पुनः शुरू नहीं किया जाएगा तब तक मुश्किलें आती रहेगी.



प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेते जिले के संकुल साधनसेवी एवं प्रशिक्षक.

**खास बातें**

- प्रोजेक्ट इंपैक्ट के कार्यक्रम संबधी निर्देशों का व्यापक प्रभाव
- शिक्षकों को सहयोग व बेहतर मार्गदर्शन की जरूरत

उन्होंने कहा कि विद्यालय में आमूल चूल परिवर्तन के लिए शिक्षकों को सहयोग और बेहतर मार्गदर्शन की जरूरत है. संकुल में होने वाली बैठकों को पुनः शुरू करने से सकारात्मक बदलाव एवं परिणाम देखने को मिलेगा.

इस मौके पर कार्यशाला के पहले दिन कई पहलुओं पर चर्चा की गई. सभी संकुल साधन सेवियों ने एक स्वर में कहा कि एक ही दिन में कई अलग-अलग पत्रों एवं निर्देशों से शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं कन्फ्यूज हैं. एसएमसी के चुनाव में बदलाव जरूरी है.

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट के कार्यक्रम संबधी निर्देशों का व्यापक प्रभाव पड़ा है. परंतु इसमें और सुधार की जरूरत है. इस दौरान डायट की प्राचार्य दीप्ति कुमारी ने संकुल साधनसेवियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. इस मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत कुमार, डायट की नीता सहित अन्य प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# पांच से आठ महीने में बदले जा रहे एसपी

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में पांच से आठ महीने के दौरान ही जिले के एसपी का तबादला कर दिया जा रहा है. कई ऐसे जिले हैं, जहां के एसपी हाल के दिनों में पांच से आठ माह के अंदर ही बदल दिये गये. इनमें बोकारो, गुमला, देवघर, रामगढ़ और सरायकेला जिला शामिल है.

**जनहित के बहाने बदल दिए जा रहे हैं एसपी :** राज्य के ज्यादातर जिलों में एसपी एक साल से लेकर डेढ़ साल तक ही रह पाते हैं. इनका तबादला जनहित के नाम पर कर दिया जाता है, भले ही उस जिले में बेहतर काम कर रहे हों. जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एक जिले या एक पोस्ट पर कम से कम दो साल की तैनाती की जाए, जब तक कोई गंभीर आरोप या भ्रष्टाचार की शिकायत न हो.

### कहां-कहां के एसपी बदले गये

- 27 जुलाई 2023 को डॉ विमल कुमार को सरायकेला का एसपी बनाया गया था और 29 फरवरी 2024 को तबादला कर दिया गया.
- **10 सितंबर 2023 को हरविंदर सिंह गुमला एसपी बने थे और छह महीने के अंदर ही यानी 29 फरवरी 2024 को उनका तबादला कर दिया गया.**
- 29 फरवरी 2024 को मनीष टोप्पो सरायकेला के एसपी बने थे और चार महीने के बाद ही 30 जून को तबादला कर दिया गया.
- **27 जुलाई 2023 को प्रियदर्शी आलोक बोकारो के एसपी बने थे. उनका सात महीने के अंदर ही यानी 29 फरवरी 2024 को तबादला कर दिया गया.**
- 29 फरवरी 2024 को विमल कुमार रामगढ़ एसपी बने थे और पांच महीने बाद ही 21 जुलाई 2024 को उनका तबादला कर दिया गया.
- **चार अप्रैल 2024 को राकेश रंजन को देवघर एसपी बनाया गया और ढाई महीने बाद ही 18 जून 2024 को तबादला कर दिया गया.**
- देवघर का भी यही हाल रहा. यहां 28 अप्रैल 2020 से लेकर छह अप्रैल 2022 तक तीन एसपी का तबादला किया गया.

## झामुमो ने कहा-आम आदमी नहीं, सत्ता बचाने का आम बजट, भाजपा ने बताया सर्वसमावेशी

# बजट को सत्ताधारी दलों ने सराहा, विपक्ष ने नकारा

### आम बजट से 27 राज्य गायब कुर्सी-सत्ता बचाओ बजट : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो ने देश के नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के आम बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो



भट्टाचार्य ने कहा कि यह आम बजट आम आदमी का बजट नहीं है. यह कुर्सी और सत्ता बचाओ बजट है. इस बजट से यह पूरी तरह से प्रतीत हुआ कि केंद्र की सत्ता अपनी स्थिरता के लिए इतनी डरी और सहमी हुई है कि उसे आंध्र प्रदेश को विशेष लाभ पहुंचाना है, साथ-साथ बिहार को भी. थोड़ा बहुत ओडिशा के लिए भी. बाकी 27 राज्य लगता है कि इस देश में ही नहीं है. यह चुनाव में जिस प्रकार से मुद्दा विहीन होकर भाजपा ने केवल और केवल सांप्रदायिक बातें की, उसी का ही यह झलक दिखता है. झारखंड जैसे राज्य जो सबसे ज्यादा खनिज संपदा देता है, उसकी कहीं कोई आवाज नहीं उठी. महाराष्ट्र जो पूरे देश का जेएसटी पेय करता है, उसके बारे में सोचा तक नहीं गया. केवल आंध्र और बिहार और कुछ हद तक ओडिशा जहां से सरकार टिकी है. जहां-जहां बैसाखी है, सरकार की विकलांगता सामने आ गयी. उक्त बातें भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही. भट्टाचार्य ने कहा कि बजट को नौ प्वाइंट को हाईलाइट किया गया. जिसमें सबसे उपर कृषि को रखा गया. लेकिन विडंबना यही है कि 2019-20 वित्तीय वर्ष में जिस कृषि क्षेत्र के लिए 6.5 प्रतिशत बजट का हिस्सा हुआ करता था, आज वह घटकर 3.9 प्रतिशत पर आ गया. एमएसपी की कोई चर्चा नहीं हुई. जो मोटा क्रॉप जिससे पेट भरा जाता है, उस पर कोई बातें नहीं हुई.

### माकपा बोली प्रतिगामी संकुचनकारी आम बजट

**रांची।** सीपीआइ(एम) के मुरलीधरन बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बेरोजगारी के उच्च स्तर, उच्च खाद्य मुद्रास्फीति दर, असमानताओं में अभूतपूर्व वृद्धि और निजी निवेश में मंदी की आर्थिक वास्तविकताओं के संदर्भ में, बजट को आर्थिक गतिविधियों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था. इसके बजाय, इसके प्रस्ताव संकुचनकारी और प्रतिगामी होंगे. इससे लोगों पर केवल और अधिक मुसीबतें बढ़ेंगी और निवेश तथा रोजगार सृजन का स्तर गिरेगा. बजट के आंकड़े बताते हैं कि सरकार की राजस्व कमाई 14.5 फीसदी बढ़ी, जबकि खर्च सिर्फ 5.94 फीसदी बढ़ा. आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए इस राजस्व का उपयोग करने के बजाय, इसका उपयोग राजकोषीय घाटे को कम करने, अंतर्राष्ट्रीय वित्त पूंजी को खुश करने के लिए, सकल घरेलू उत्पाद के 5.8 प्रतिशत से 4.9 प्रतिशत तक करने के लिए किया गया है.

### बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट: सुबोध


**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट बड़े-बड़े पूंजीपतियों (कॉर्पोरेट घरानों) को लाभ पहुंचाने



वाला बजट है. यह देश की जनता का नहीं, बल्कि विशेष तौर पर ए न ड ीए सरकार का बजट है. उन्होंने कहा कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यटन आदि के क्षेत्र में बजट में कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है. आर्थिक सर्वेक्षण भी महज आइवॉश है. कहा कि केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी दूर करने की दिशा में बजट में कुछ भी प्रावधान नहीं किया गया है. महंगाई पर नियंत्रण के लिए भी आम जनता को राहत नहीं दी गई. सरकारी कर्मचारियों व सेवानिवृतकर्मियों को भी इस बजट से घोर निराशा हुई है.

### लोस चुनाव में हार का बदला बजट में झारखंड से लिया : राजेश ठाकुर

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड के लिए निराशाजनक बताया है. उन्होंने



कहा कि झारखंड प्रधानमंत्री मोदी के सौतेलेपन का उदाहरण बनकर रह गया है. झारखंड में लोकसभा चुनाव में मिले हार का बदला भाजपा ने केंद्रीय बजट में चुकाया है. उन्होंने कहा किया आश्चर्यजनक है कि कुल बजट का सिर्फ एक से दो प्रतिशत तक की राशि का प्रावधान पूरे देश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया गया है और बातें उत्पादकता बढ़ाने की कर रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी को इस बजट में राजनीतिक सहयोग की कीमत चुकाने की विवशता साफ दिखाई पड़ रही है. अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन निजी खपत के रिकॉर्ड सुस्ती पर बजट पूरी तरह मौन है. 2016 से 2022 के बीच में 24 लाख उत्पादक कंपनियां बंद हो चुकी हैं, इनके लिए सिर्फ क्रेडिट गारंटी की बात की गई है, ठोस कुछ भी नहीं किया गया है. बजट में जिस फिजिकल कंसोलिडेशन की बात की गई है, उस लक्ष्य 4.5% को यूपीए की सरकार ने 2014 में ही पा लिया था. किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सीधे तौर पर बजट में प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो सके इसके विपरीत रिसर्च और कृषि संबंधित क्षेत्र के लिए प्रावधान किया जाना पिछले दरवाजे से कॉरपोरेट सेक्टर को फायदा पहुंचाने की कोशिश है, जो इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं. उन्होंने कहा कि इस बजट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत मिले.

### आम बजट किसान व युवा विरोधी मुख्य मांगें दरकिनार: डॉ. सुनीलम

किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ सुनीलम ने आम बजट को किसान- युवा विरोधी बताते हुए कहा है कि किसानों की मुख्य मांगों



को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया है. एमएसपी की कानूनी गारंटी, संपूर्ण कर्ज मुक्ति, कृषि उपकरणों से जीएसटी खत्म करने और प्रत्येक किसान परिवार को 10 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांगों को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे लगता है कि सरकार किसानों को अपने मुद्दों पर आंदोलन तेज करने के लिए प्रेरित कर रही है. डॉ सुनीलम ने कहा कि देश का कुल बजट 48 लाख करोड़ रुपये का है, जिसमें से कृषि के लिए केवल 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. इसका अर्थ है कि 65% किसानों की आबादी को भारत सरकार ने 3% बजट आवंटित किया है, जो किसानों के साथ-साथ ग्रामीण भारत के साथ भेदभाव है.सरकार ने किसानों के बजट को उत्पादन बढ़ाने पर केंद्रित किया है, जिसके माध्यम से सरकार बीज उत्पादन करने वाले मोनसेंटो जैसी कंपनियों को भारत के बीज बाजार पर एकाधिकार कायम करने में मदद करना चाहती है. डॉ सुनीलम ने कहा कि सरकार ने एक करोड़ बेरोजगारों को 5 साल में 5 हजार रुपये प्रति माह एक साल तक देने की घोषणा की है. यह वही सरकार है, जो 2014 में दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आयी थी. वही सरकार अब 20 लाख बेरोजगार युवाओं को एक साल के लिए 5000 रुपये प्रति माह देने का वादा कर रही है, जिसका अर्थ है कि केंद्र सरकार ने सेना की अग्निवीर योजना का बेरोजगारों में विस्तार किया है.

### सर्वसमावेशी व विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत



आम बजट 2024-25 सर्वसमावेशी एवं विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है. यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को भी गतिशीलता प्रदान करेगा. प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख की है, जिससे हमारे राज्य के गरीब आदिवासी भाइयों बहनों को बिना किसी गारंटर के सरलता से ऋण प्राप्त होगा. बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समाज की उन्नति एवं उन्हें विकास के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ने विश्वसनीयता की गारंटी दी है. प्रधानमंत्री का यह अनमोल तोहफा झारखंड में आदिवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा. आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त करने वाले इस लोक कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार.

### विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में आम बजट ऐतिहासिक : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष



2024- 25 का बजट पेश करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा यह बजट विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में बजट ऐतिहासिक है. यह बजट मध्यवर्गीय, किसान, महिलाएं ,और युवाओं, को सशक्त बनाते हुए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा. इस बजट में किसान, मध्य वर्ग और युवाओं को बड़ी सौगात दी गई है. कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं. युवाओं के लिए रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं. सेठ ने कहा कि 500 बड़ी कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे. वहीं एक करोड़ छात्रों को 5000 रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा. हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक लोन, कैंसर मरीजों को राहत देते हुए तीन दवाओं पर सीमा शुल्क पूरी तरह हटाने का प्रस्ताव यह मध्य वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा.

### अमर कुमार बाउरी ने बजट की सराहना की, बोले-समग्र विकास के लिए की है परिवर्तनकारी पहल

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड के हिस्से में कई



योजनाओं की सौगात मिली है. बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना ला रही है. इसके अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम की घोषणा की गई है. इन क्षेत्रों में सरकार औद्योगिक गलियारे का भरपूर हर तरीके से समर्थन व सहयोग करेगी. झारखंड के आदिवासी बहुल गांव होंगे लाभान्वित आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए "प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान" शुरू होगा. योजना आदिवासी-बहुल गांवों-आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनाएगी. इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा. बाउरी ने कहा कि झारखंड के दूरदराज के गावों को जोड़ा जाएगा. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी.

### बजट में देश के समग्र विकास की सोच, जो सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी: लंबोदर

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने केंद्रीय वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने व देश को मजबूत बनाने वाला है. साथ ही देश के सर्वांगीण विकास के मार्ग को भी प्रशस्त करने वाला है. बजट में देश के समग्र विकास की सोच है. यह बजट आधारभूत संरचना जहां मजबूत करेगा वहीं नियोजन में भी वृद्धि करेगी. बजट में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के साथ-साथ गांव के लोगों को बेहतर सुविधा मिले, इसको लेकर भी कारगर प्रयास किए गए हैं. मध्यम वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है.शिक्षा, रोजगार व स्वरोजगार, किसान, युवा, महिला बजट में सबों का ध्यान रखा गया है. उन्होंने बजट में झारखंड सहित पांच राज्यों के लिए पूर्वोत्तर योजना प्रारंभ किए जाने का स्वागत किया और कहा कि इस योजना से झारखंड के मानव संसाधन विकास, अव संरचना व आर्थिक अवसरों के सृजन शामिल किया जाएगा.

### केंद्रीय बजट विकसित भारत के निर्माण को पूरा करने वाला : मुंडा

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि यह बजट विकसित



भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी के सशक्तीकरण के लिए समर्पित है. यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है. आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष प्रस्ताव किए गए हैं.

### विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने वाला साबित होगा बजट : सुदेश महतो

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आम बजट



2024-25 विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा. बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ ही गांव, गरीबों, किसानों, युवाओं, उद्यमियों के आर्थिक व सामाजिक विकास की परिकल्पना को पूरा करेगा.

### वित्त मंत्री ने आम बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है: चंद्रप्रकाश चौधरी

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद



चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट को सबों के हित में बताया है. उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग ध्यान रखा गया है. शिक्षा व रोजगार पर फोकस किया गया है. ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर जरूरी कदम उठाए गए हैं.

## आम बजट पर झारखंड चैंबर का मंतव्य

### देश को विकसित भारत बनाने का बजट है : किशोर



झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि गरीब, मध्यम वर्गीय, महिला और युवाओं पर केंद्रित देश को विकसित भारत बनाने का बजट है. सरकार ने सबका ख्याल रखने की कोशिश की है. 1 करोड़ युवाओं को 500 बडी कंपनियों में इंटर्नशिप से जोड़ने से युवा शक्ति का सदुपयोग होगा.

### बजट में इंक्लूसिव ग्रोथ की बात की गई है : आदित्य



चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि बजट में इंक्लूसिव ग्रोथ की बात की गई है, सिडबी बैंक की नई नई शाखाएं खुलने से उद्योग की सबसे बड़ी अनिवार्यता फंड की समस्या का समाधान होगा, बैंकों का रीच बढ़ने से इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलेगा. मुद्रा लोन की सीमा बढ़ना स्वागतयोग्य है.

### झारखंड में टूरिज्म विकास की बजट में अनदेखी: राहुल



उपाध्यक्ष राहुल साबू ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जहां टूरिज्म विकास की अपार संभावनाएं हैं. इसकी अनदेखी बजट में की गई है. राज्य के टूरिज्म डेवलपमेंट को लेकर हमारी शुरू से मांग रही है, राज्य में माईंस, मिनरल्स की प्रचुरता को देखते हुए इससे जुडे.उद्योगों का जाल बिछे, इसको लेकर योजना का उल्लेख नहीं है.

### इकोनॉमी के लिए अच्छा साबित होगा बजट: परेश गट्टानी



महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि बजट के माध्यम से कस्टम ड्यूटी को काफी रेसनलाइज किया गया है, मोबाइल, चार्जर समेत आम उपभोक्ताओं से जुड़ी चीजें सस्ती होंगी. सोना चांदी के आयात पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसदी किया गया है. ओवरऑल इकोनॉमी के लिए ये अच्छा बजट है.

### मुद्रा लोन की सीमा 20 लाख रुपये करना स्वागतयोग्य : शैलेश



सह सचिव शैलेश अग्रवाल ने कहा कि ओवरऑल संतुलित बजट है, मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख करना स्वागतयोग्य है. इससे स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे आनेवाले लोगों को काफी सुविधा होगी तथा कैपिटल की समस्या का समाधान संभव होगा. इसके अलावा अन्य प्रस्ताव भी स्वागत योग्य हैं.

### रेंटर हाउसिंग स्कीम की मंजूरी स्वागतयोग्य



सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और रोजगार सृजन पर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता बजट के माध्यम से दर्शायी है. 12 औद्योगिक पार्कों को मंजरी, मुद्रा लोन की लिमिट को बढ़ाना, उद्योगों में काम करनेवाले लोगों के लिए रेंटर हाउसिंग स्कीम की मंजूरी स्वागतयोग्य है.

### समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला आम बजट: ज्योति



कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने कहा कि बजट आर्थिक लचीलापन और समावेशी विकास को बढ़ावा देगा. झारखंड के परिप्रेक्ष्य में प्रत्यक्ष तौर पर कुछ एनांउसमेंट नहीं है किंतु ओवरऑल जो एनाउसमेंट हुआ है. कस्टम ड्यूटी घटाने से मोबाइल और चार्जर सस्ते होने का फायदा सभी लोग ले सकते हैं.

### एमएसएमई पर ध्यान दिया गया बजट में : विजय



प्रवक्ता विकास विजयवर्गीय ने कहा कि बजट में एमएसएमई सेक्टर पर अधिक कम ब्याज वाली लोन, अनुसंधान के लिए अलग व्यवस्था तथा बाजार उपलब्ध कराने की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है जो प्रशंसनीय है .पूर्वांचल कॉरिडोर की बात कही गई हैं और एक बड़ा वित्तीय सहायता की गई है.

### इंटर्नशीप प्रोग्राम बेहतर परिणाम देगा: डॉ. अभिषेक



कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर में 11 लाख 11 हजार करोड़ तक बजट बढ़ाया गया है, मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया जाना स्वागतयोग्य है. 1 करोड़ विद्यार्थियों के लिए 500 बडी कंपनियों में इंटर्नशीप का प्रोग्राम बेहतर परिणाम देनेवाला साबित होगा.

### इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा तो सभी राज्यों को मिलेगा : अखौरी



कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि बजट विशेष राज्यों पर केंद्रित नजर आता है. बहरहाल बजट में किये गये उपबंध से यदि किसी राज्य का इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा तो उसका लाभ हर राज्य को मिलेगा .एमएसमएई को बूस्ट करने तथा आइटी सेक्टर को प्रोत्साहित करने पर सरकार ने इच्छाशक्ति दिखाई है.

### नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स योजनाएं शामिल : नवजोत



कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग ने कहा कि बजट में कृषि की उत्पादकता को बढाना, रोजगार और कौशल विकास, इंक्लूसिव मानव संसाधन विकास, मैनुफैक्चरिंग, उर्जा की सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स की योजनाओं को शामिल किया गया हैं.

### विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला : ओम



चैंबर के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि बजट विकसित भारत के उद्देष्यों को पूरा करने वाला है. नौकरी पेशा, युवा, महिलाओं के लिए खास फोकस किया गया है जो सराहनीय है. व्यापार उद्योग के विकास के लिये ठोस पहल की जरूरत थी, सीनियर सीटीजन के लिए बजट में कुछ नहीं होने से थोडी निराशा हुई.

### इन्वेस्टर्स के लिए यह बजट अच्छा नहीं : गाडोदिया



चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रंजीत गाडोदिया ने कहा कि शेयर मार्केट में निवेश करने वाले इन्वेस्टर्स के लिए यह बजट अच्छा नहीं रहा क्योंकि शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन, लांग टर्म कैपिटल गेन को सरकार ने बढ़ाया है जिससे बाजार में नेगेटिव इंपैक्ट आयेगा और काफी टैक्स के रूप में पैसा इंवेस्टर का निकलेगा.

### एक बार फिर झारखंड अछूता रह गया : विनय



पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि सहयोगी दलों का बजट है. जिस तरीके से प्रधानमंत्री द्वारा लक्षदीप को केंद्र में रखकर टूरिज्म डेवलपमेंट के प्रति केंद्र का नजरिया देखा गया था उससे ऐसा लगा था कि ऐसा सभी राज्यों के प्रति देखने को मिलेगा किंतु हर बार की तरह फिर एक बार बजट में झारखंड अछूता रह गया.

### आम बजट से बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे: प्रवीण जैन



पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने कहा कि संतुलित बजट है, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार ने बड़ा ऐलान करते हुए 11.11 लाख करोड रुपये पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किये हैं, जो देश की जीडीपी का 3.4 फीसदी है. इससे निश्चित ही बडे.बदलाव देखने को मिलेंगे. सरकार ने इन्कम टैक्स के न्यू रिजीम में भी रेट में मामूली बदलाव किये हैं.

### रोजगार व मिडिल क्लास पर भी किया फोकस: धीरज तनेजा



पूर्व अध्यक्ष धीरज तनेजा ने कहा कि बजट का फोकस रोजगार, मिडिल क्लास, एमएसएमई, कृषि और स्किलिंग पर है. बजट में शहरी विकास, उर्जा सुरक्षा, नवाचार और सुधार पर भी फोकस किया गया है. राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दिया जाना स्वागतयोग्य है.

### विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा : कुणाल



पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमाणी ने कहा कि बजट सर्वसमावेशी है. कृषि, रोजगार, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, उर्जा सुरक्षा, उद्योग-व्यापार के विकास पर केंद्रित है जो देश को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा. रोजगार सृजन, कौशल विकास आदि पर पर्याप्त आवंटन सुखद है.

### बजट में विकसित भारत की झलक दिखी : सरावगी



पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी ने कहा कि संतुलित बजट है जिसमें विकसित भारत की झलक है. बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है, युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर निर्माण किये गये हैं. मध्यम वर्ग के लोगों को आयकर में राहत दी गई है. बजट के अन्य प्रावधान भी बेहतर परिणाम देने वाले हैं.

### बजट से झारखंड को भी मिलेगा लाभ: दीपक मारू



पूर्व अध्यक्ष दीपक मारू ने कहा कि बजट रोजगार को लेकर उपयुक्त है. इस्टर्न रिजन के डेवलपमेंट की प्रतिबद्धता दिखाते हुए 50 हजार करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध किया गया है. हमें उम्मीद है कि हमारे झारखंड को भी इसका लाभ मिलेगा. बजट के आइने में भविष्य के भारत का सुनहरा चेहरा दिखता है.

### बजट में रोजगार को दूसरी प्राथमिकता दी गई है : महेश



पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि वित्त मंत्री ने रोजगार को प्राथमिकता देने के साथ ही इस दिशा में और भी ठोस कदम उठाने की योजना का उल्लेख किया गया है. रोजगार और स्किलिंग दोनों को बार-बार साथ में दोहराया गया है. रोजगार को कृषि के बाद दूसरी प्राथमिकता दी गई है.

## आम लोगों को फायदा, स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

आम बजट से आम लोगों को फायदा होगा और स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा. आम जन के उपयोग में आने वाले



आरके गाड़ोदिया, वरिष्ठ सीए

सामानों में कस्टम ड्यूटी घटा देने से सबको फायदा मिलेगा. बजट में सोना, चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटा कर 6 फीसदी, लेदर और जूतों पर भी कस्टम ड्यूटी घटाई गई है. वहीं टेलीकॉम उपकरणों के साथ पर मोबाइल फोन और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है. स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एंजेल टैक्स को खत्म कर दिया गया है.नए टैक्स रिजीम में में 17,500 रुपए की बचत होगी. नए टैक्स स्लैब में 3 से 7 लाख की आय पर 5 फीसदी टैक्स, 7 से 10 लाख की आय पर 10 फीसदी टैक्स, 10 से 12 लाख की आय पर 15 फीसदी टैक्स, 12-15 लाख की आय पर 20 फीसदी टैक्स और 15 लाख से अधिक की कमाई पर 30 फीसदी टैक्स निर्धारित किया गया है. एजुकेशन लोन पर तीन फीसदी छूट देने से छात्रों को राहत मिलेगा. इससे उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा. बजट में राज्य के लिए अच्छी बात यह है कि लोन की समी बढ़ा दी गई है. एनपीएस वात्सल्य योजना के तहत माता-पिता भी निवेश कर पाएंगे. एफडीआइ कानून को और आसान बनाया जाएगा. युवाओं के रोजगार के लिए दो लाख करोड़ रुपए की 5 योजनाएं काफी मददगार साबित होंगी.

## प्रत्यक्ष करों में व्यापक परिवर्तन

बजट 2024 में प्रत्यक्ष करों में व्यापक परिवर्तन किया गया है. न्यू टैक्स रिजीम के तहत तीन लाख तक कोई कर नहीं, तीन से सात



पूजा शुक्ला, कंपनी सेक्रेट्री

लाख तक पांच प्रतिशत, सात से दस लाख तक 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख तक 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख तक 20 प्रतिशत और 15 लाख से ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स का प्रावधान किया गया है. सैलरी और पेंशनभोगियों का स्टैंडर्ड डिडक्शन लाभ क्रमशः 75,000 और 35,000 किया गया है. ओल्ड टैक्स रिजीम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है. अप्रत्यक्ष करों में भी बदलाव किया गया है, जिससे सोना, चांदी, दवा और मेडिकल इक्विपमेंट सस्ता होगा.

## नए इनकम टैक्स रिजीम से सैलरी क्लास को फायदा

आम बजट बेहद संतुलित और विकास को बढ़ावा देने वाला. पूर्वोदय स्कीम से झारखंड में आर्थिक गतिविधियां



संजीव बजाज, जीएम, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट

बढ़ेंगी. केंद्र ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए जो पूर्वोदय स्कीम की घोषणा की है, उससे मानव संसाधन विकास के साथ बुनियादी सुविधाओं का भी विकास होगा. नए इनकम टैक्स रिजीम से सैलरी क्लास वालों को फायदा होगा. सिक्योरिटी ट्रांजेशन टैक्स से नए निवेशकों को थोड़ा कम प्रोत्साहन मिलेगा. लांग टर्म के लिए निवेश करने वालों को फायदा होगा. स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार से बढ़ा कर 75 हजार कर दिया गया है. बजट में आदिवासियों के उत्थान की भी बात कही गई है. इनके सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है. वहीं बजट में टूरिज्म पर जोर दिया गया है. इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. वहीं मुद्रा लोन की लिमिट 10 लाख से बढ़ कर 20 लाख रुपए कर दी गई है. इससे लोगों को अपने स्टार्टअप शुरू करने में फायदा होगा. बजट में युवाओं पर भी फोकस किया गया है. 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए योजना शुरू की जाएगी.

## शहर में आज

1. झारखंड कैबिनेट की बैठक, प्रोजेक्ट भवन में दिन के 11 बजे
2. प्रदेश कांग्रेस की बैठक, कांग्रेस भवन में दोपहर 12 बजे

सूचना: शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### गिरिडीह में भारी मात्रा में डेटोनेटर व जिलेटिन मिला

**गिरिडीह।** पुलिस ने गांडेय थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में डेटोनेटर और जिलेटिन बरामद किया है. एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार की शाम करीब 6:30 बजे महादेवदीह स्थित एक पत्थर माइंस से विस्फोटक बरामद किया है. विस्फोटक में 16 कार्टून जिलेटिन और पांच कार्टून डेटोनेटर शामिल हैं. इसे जमीन के अंदर छिपा कर रखा गया था. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है कि विस्फोट को नक्सलियों को सप्लाई किया जाना था या पत्थर के खनन में उपयोग किया जाना था.

### लातेहार में एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लातेहार।** पलामू एसीबी ने लातेहार के बारियातू थाना में पदस्थापित एएसआई धीरेंद्र कुमार को रंगे हाथ 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. एसीबी की ओर से बताया गया है कि बारियातू थाना में अफीम रखने के मामले में एक मामला दर्ज किया गया था. इस मामले में वादी के भतीजे को जेल भेजा गया था. कुछ दिनों बाद थाने के एएसआई धीरेंद्र कुमार ने इसी कांड में वादी को फंसाने की धमकी देकर तीन लाख रुपये मांगे. वादी ने एसीबी से इसकी शिकायत की ओर सत्यापन में मामला सही पाया गया. इसके बाद एसीबी की पलामू टीम ने एएसआई धीरेंद्र कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया.

### कराइकेला में नक्सलियों ने बैनर व पोस्टर लगाए

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के कराइकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ओटार व आसपास के क्षेत्र में नक्सलियों ने पोस्टर व बैनर लगाया है. इसमें 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने का ऐलान किया गया है. साथ ही कई स्थानों पर बुकलेट भी छोड़े गए हैं. इसकी सूचना मिलने पर मंगलवार को कराइकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार जवानों के साथ गांव पहुंचे और पोस्टर-बैनर और बुकलेट को जब्त कर लिया. बता दें कि भाकपा माओवादी ने 25 जुलाई को बिहार-झारखंड बंद भी बुलाया है.

### सोनाहातू :जंगली हाथियों ने फसल को किया नष्ट

**सोनाहातू।** प्रखंड के जामुदाग पंचायत अंतर्गत हेसाहातू गांव में हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात को जमकर उत्पात मचाया है. गांव के किसान सुखदेव यादव के खेत में लगा लौकी और मकई के फसल को मन भर खाया और रौंद दिया है. किसानों ने वन विभाग को फसल नुकसान की सूचना देकर मुआवजा की मांग की है. इधर हाथियों का उत्पात लगातार होने से किसान काफी आक्रोशित है.

### सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास किया गया

**अनगड़ा।** प्रखंड के चतरा पंचायत में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण मद सें सरना स्थल घेराबंदी का शुभ शिलान्यास अनुराधा मुंडा, जिप सदस्य जयपाल हजाम उप प्रमुख अनगड़ा, डोली कुमारी मुखिया सह प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय नारी शक्ति महिला संगठन, रमेश मुंडा उप मुखिया चतरा ,वार्ड सदस्य दीपिका देवी, वार्ड सदस्य सुमित कुमार महतो, वार्ड सदस्य संजय महली ,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा कि उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.

### राहे के बसंतपुर गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**राहे।** प्रखंड के बसंतपुर गांव में मंगलवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया. गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था, वहां के ग्रामीणों ने अपनी समस्या से विधायक सुदेश महतो को अवगत कराया. विधायक के निर्देश पर बिजली विभाग ने तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया. ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घघाटन पंचायत प्रभारी रंजित साहू ने फीता काट कर किया.

---

**वेद प्रकाश सिंह गोली कांड : खुल गई पूर्व पार्षद गोलीकांड की परत-दर-परत**

# पूर्व पार्षद को सत्यम पाठक ने मारी थी गोली, मिले थे सिर्फ छह हजार

**सौरभ सिंह। रांची**

पूर्व पार्षद वेद प्रकाश गोलीकांड में रांची पुलिस ने यूपी के गाजीपुर का रहने वाले शूटर राहुल को गिरफ्तार किया है. राहुल ने पुलिस को बताया कि वह अलग-अलग घटनाओं में पहले जेल जा चुका है. जेल से निकलने के बाद अवैध रूप से शराब खरीद बिक्री का काम बिहार में करने लगा. इस क्रम में राहुल का परिचय धीरज मिश्रा से साल 2021में हुआ. जिसके बाद दोनों में दोस्ती बढ़ती गई. इसी बीच धीरज मिश्रा के बहन की शादी में राहुल उसके घर गया था. शादी के दौरान ही धीरज मिश्रा ने राहुल को बताया था कि साल 2018 में मैं अपनी स्कॉर्पियो से दशहरा के समय रांची गया था, तो धुर्वा बस स्टैण्ड में दशहरा के जुलूस में स्कॉर्पियो घुसाने के कारण धुर्वा रांची के वार्ड पार्षद वेद प्रकाश सिंह से झगड़ा हो गया, तो वेद प्रकाश सिंह और उसके समर्थकों ने मारपीट की थी. मेरी स्कॉर्पियो को भी तोड़ दिया था. धीरज ने बताया कि बहन की शादी के बाद वेद प्रकाश सिंह को गोली मार कर बदला लेंगे. इस पर राहुल बोला कि तुम मुझे कुछ खर्चा दे देना, हम साथ में रहेंगे. जिसके बाद दोनों के बीच इस घटना के लिए 70 हजार रुपया देने की बात हुई थी.

**धीरज ने राहुल को बुलाया रांची :** राहुल ने पुलिस को बताया कि धीरज मिश्रा दो जुलाई को मुझे कॉल करके बोला कि तुम रांची आ जाओ. इसपर मैं बोला कि मेरे पास पैसा नहीं है, तो अगले दिन धीरज मिश्रा ने मेरे मोबाइल नं. 873795**42 पर भाड़ा का एक हजार रुपया भेजा. इसके बाद राहुल चार



अस्पताल में इलाजरत वेद प्रकाश.

जुलाई को रांची आया. रांची आने के बाद राहुल ने धीरज मिश्रा से संपर्क किया तो वह बोला कि तुम ऑटो पकड़ कर बिरसा चौक आ जाओ. राहुल बिरसा चौक पहुंच कर धीरज मिश्रा को कॉल किया तो वह बोला कि तुम पुराना विधानसभा के पास आओ. वहां आने के बाद राहुल को धीरज ने धुर्वा बस स्टैण्ड के पास स्थित एक घर में ले जाकर ठहराया और उसे खर्चा के लिए पांच हजार रुपया दिया.

### वेद प्रकाश रोज शाम में चाय दुकान पर आकर बैठता था

वेद प्रकाश सिंह प्रतिदिन शाम में आकर धुर्वा बस स्टैण्ड के राजू चाय दुकान के बाहर आकर बैठते थे. राहुल और सत्यम ने योजना बनायी कि सात जुलाई को जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा है. पुलिस प्रशासन मेला ड्यूटी में रहेंगे और हमलोग वेद प्रकाश सिंह को गोली मारकर आसानी से भाग जाएंगे. योजना के अनुसार सात जुलाई की शाम राहुल ने एक पिस्टल अपने पास और सत्यम ने एक पिस्टल और एक देसी कट्टा छुपा कर अपने कमर में खोस लिया. इसके बाद राहुल और सत्यम पाठक के द्वारा लाये गये होंडा हॉरनेट बाइक से धुर्वा बस स्टैण्ड के पास पहुंचे. राहुल धुर्वा बस स्टैण्ड के पास स्थित पीपल के पेड़ के नीचे गाड़ी खड़ी कर चबुतरे पर बैठ गया.

वहीं सत्यम पाठक राजू चाय दुकान के पास चौरसिया पान दुकान में बैठकर वार्ड पार्षद वेद प्रकाश सिंह के आने का इंतजार करने लगा. शाम के करीब सात बजे जैसे ही वेद प्रकाश सिंह अपनी गाड़ी को लगाकर राजू चाय दुकान में बैठे, तो सत्यम पाठक ने राहुल को फोन करके कहा कि तुम बाइक लेकर सैलून के पास आ जाओ. फिर राहुल बाइक लेकर सैलून के पास आया तो सत्यम पाठक ने चौरसिया पान दुकान से निकलकर वेद प्रकाश सिंह को पीछे से गोली मार दी. भागने के क्रम में सत्यम पाठक का देसी कट्टा वहीं पर गिर गया. राहुल ने पहले से ही बाइक को स्टार्ट कर रखा था और सत्यम पाठक जैसे ही बाइक पर बैठा तो राहुल ने तेजी से बाइक को चलाते हुए, रांची क्रिकेट स्टेडियम की तरफ से नया सराय होते हुए जेवियर नगर में ले जाकर बाइक को खड़ा कर दी.

### घटना को अंजाम देने के बाद बस पकड़ कर भाग गया रांची से

घटना को अंजाम देने के बाद दोनों ऑटो से खादगढ़ा बस स्टैण्ड गये और बनारस की बस पकड़कर रांची से भाग निकले. सत्यम पाठक सासाराम में ही बस से उतर गया और राहुल उसी बस से बनारस चला गया. इस घटना के लिए राहुल को 70 हजार रुपया देने की बात धीरज मिश्रा ने बोला था, लोकिन सिर्फ छः हजार रुपया ही दिया था. शेष पैसा काम होने के बाद देने की बात कही थी. शेष पैसा लेने के लिए राहुल ने धीरज मिश्रा को कई बार फोन किया, मगर उसने अपना फोन ऑफ कर रखा था. फिर राहुल धीरज मिश्रा के घर गया तो वह वहां भी नहीं मिला. इस घटना में शामिल धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक अबतक फरार हैं.

---

# धनबाद सांसद ढुल्लू महतो का समर्थक आनंद शर्मा गया जेल

**संवाददाता। बरोरा**

**खास बातें**

- चिटाही मारपीट प्रकरण में पुलिस ने किया गिरफ्तार
- सांसद ढुल्लू सहित उनके दर्जनों समर्थक हैं नामजद

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के पैतृक गांव चिटाही में सांसद समर्थकों द्वारा महिलाओं की बर्बरतापूर्वक पिटाई मामले में नामजद आरोपी आनंद शर्मा को बरोरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. सांसद के बेहद खास और साये की तरह साथ रहनेवाले आनंद की गिरफ्तारी के बाद ढुल्लू महतो के समर्थकों में खलबली गच गई है.

घटना में अन्य नामजद सांसद समर्थक की गिरफ्तारी के बाद भूमिगत हो गए हैं. हालांकि पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को दबोचकर जेल भेजने का दावा कर रही है. बता दें कि विगत 11 जुलाई को चिटाही गांव में महिलाओं के साथ मारपीट की घटना हुई थी. इस मामले में प्रथम पक्ष की पीड़िता नीरा देवी के लिखित बयान पर धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो के अलावा उनके 11 नामजद व 12 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. वहीं दूसरे पक्ष की पीड़ित महिला पूजा देवी के लिखित बयान पर चिटाही निवासी डोमन महतो, सुरेश महतो व अन्य पर जातिसूचक शब्द बोलकर मारपीट करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

### अबैध संबंध के शक में पति ने पत्नी व बेटी की हत्या की

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के साडम में सोमवार को मां व बेटी की हुई हत्या का पुलिस ने उद्भेदन किया. हत्या के आरोप में गिरफ्तार महिला के पति डबलू यादव पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया. पुलिस के समक्ष दिए बयान में आरोपी डबलू यादव ने कहा कि उसको शक था कि उसकी पत्नी का किसी दूसरे मर्द के साथ चक्कर है. आये दिन इस बात को लेकर दोनों में कहा सुनी होता था. गुस्से में आकर डबलू यादव ने आपने पत्नी और बेटी का घर में गला घोंट कर हत्या कर दिया था. फिर साइकिल के सहारे दोनों शव को तालाब में फेंक आया था. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी डबलू यादव को जेल भेज दिया.वहीं घटना के बाद क्षेत्र में कई तरह के चर्चा चल रही थी. घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई की चर्चा भी लोग खूब कर रहे है.

# बहू पर रखता था गलत नजर पत्नी ने टांगी से काट डाला

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

**हत्याकांड उद्भेदन**

- सोमर हत्याकांड का खुलासा मृतक की पत्नी व पुत्र गिरफ्तार
- बहु के बारे में अपशब्द बोलने पर नाराज थे पत्नी और बेटा

मनातू थाना की पुलिस ने सोमर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. इस मामले में मृतक सोमर भुईयां की पत्नी पानो देवी (58) और बेटे राजदेव (22) को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने इनके पास से हत्या में प्रयुक्त टांगी व अन्य सामान बरामद किये हैं. बता दें कि मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी इलाके में विगत दिनों पुलिस ने सेमरी गांव के कर्माटिल्हा निवासी सोमर भुईयां का शव बरामद किया था.

पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया, तो इसमें मृतक की पत्नी और बेटे की संलिप्तता का खुलासा हुआ. बताया जा रहा है कि सोमर भुईयां की पत्नी को शक था कि उसका पति बहु पर गलत नजर रखता है. सोमर हर दिन शराब के नशे में बहु के बारे में अपशब्द बोला करता था. इस कारण पत्नी और बेटा भी नाराज थे. घटना के दिन सोमर शराब के नशे में बहु के खिलाफ अपशब्द बोल रहा था, जिसपर उसकी पत्नी को गुस्सा आया और उसने घर में रखे टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी. बाद में बेटे के साथ मिल कर शव को गांव से कुछ दूरी पर फेंक दिया. पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

---

## न्यूज अपडेट

### लहना में 80 हजार नकद और जेवरात की चोरी

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र में हत्या, लूट, अपहरण, चोरी और छिनतई की घटनाएं थम नहीं रही है। सोमवार को अपराधियों ने लहना निवासी राजनंदन साहू उर्फ छोटका के बंद घर को निशाना बनाया और 80 हजार नकद समेत करीब 4 लाख के जेवरात और कीमती सामान की चोरी कर ली.वह पत्नी के साथ समीप के मखमंदरो चौक स्थित दुकान में थे.शाम 6:40 बजे जब दोनों लौटे, तो दरवाजे को खुला देख उनके होश उड़ गये.कमरे की अलमारी में रखे रुपये व जेवरात गायब तथा सामान बिखरे पड़े थे.उन्होंने थाने आकर ऑडी ऑफिसर मनोज कुमार को घटना की लिखित जानकारी दी.

### डकरा में बीएमएस का स्थापना दिवस मना

**डकरा।** भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में मंगलवार को ध्वजारोहण कर मनाया गया .तत्पश्चात कार्यालय में एक संगोष्ठी आयोजित की गई. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राघवेन्द्र पासवान संयुक्त महामंत्री सीसीएल सीकेएस व वरिष्ठ कार्यकर्ता व रघुवंश नारायण सिंह ने संघ के विचार को कार्यकर्ताओं के बीच रखा संचालन अमर भूषण सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीष कुमार, मिथलेश कुमार सिंह ,प्रमोद कुमार पाठक, पिंकू सिंह ,राम प्रवेश नायक ,हीरा उरांव , नरेश करमाली ,राम स्वरूप राम ,अमित कुमार ,अशोक तुरी ,संजीव कुमार ,सुंदर कुमार , नारायण कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे .

### चान्हो में सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**चान्हो।** दर्जनों गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली व एनएच-75 की सहायक सड़क मानी जाने वाली चोरेया मोड़ से बुढ़मू प्रखंड तक की सड़क कई वर्षो से गड्ढों मे तब्दील है . इस सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो जिप सदस्य आशुतोष तिवारी सैकड़ो ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल करेंगे. उन्होंने सरकार को चेताया कि अगर इसके बाद भी सड़क निर्माण का कार्य शुरु नहीं हुआ तो खुले मंच पर आत्मदाह करेंगे. वे मंगलवार को चोरेया स्थित तैलिक धर्मशाला में आसपास के ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे. इसके बाद ग्रामीणों के साथ सड़क निर्माण के लिए प्रदर्शन् किया. प्रदर्शन में तरंगा, लेपसर, सोपारम, हर्रा, नवाटोली, चलिओ, सहनाई टोली, गुटुवा, खखसी टोला, टेम्पोटोली, खिजूर टोली सहित अन्य गांव के लोग के शामिल थे.

### मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से योजनाएं प्रभावित

**खलारी।** खलारी प्रखंड के मनरेगाकर्मी सोमवार से हड़ताल पर चले गये हैं. ज्ञात हो की पूरे झारखंड के मनरेगा कर्मी एकजुट होकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. मनरेगा की योजनाओं में काम करने वाले प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक काम छोड़ कर धरना पर बैठ गये हैं. मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में जाने से सरकार की कई योजनाएं प्रभावित हो रहीं है. मनरेगा का एक उद्देश्य प्रमुख उद्देश्य मजदूरों को गारंटी रोजगार देना है. पर मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण क्षेत्र के मजदूरों के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न हो रही है .

### हाईकोर्ट की पार्किंग में डूब गईं कई गाड़ियां



रांची। मंगलवार को हुई तेज बारिश ने हाईकोर्ट के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल कर रख दी. तेज बारिश के कारण हाईकोर्ट की पार्किंग में जलजमाव हो गया. जिससे पार्किंग में खड़ी दर्जनों गाड़ियां डूब गईं. पार्किंग में पानी इतना ज़्यादा था कि नगर निगम की कई गाड़ियां बुलाकर पानी सुखाया गया तब जाकर वकीलों की गाड़ियां निकल पाईं.

### मुखिया ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के अंतर्गत हरिहरपुर जामटोली पंचायत के ग्राम भसनंदा में 15 वित्त मद की योजना के तहत पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया. मुखिया लक्ष्मी कोया ने समाजसेवी सह मुखिया पति सुनील कच्छप से मिलकर 250 फीट पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया . लंबे समय से गांव में पीसीसी पथ निर्माण के लिए ग्रामीणों के द्वारा मुखिया से मांग की जा रही थी. बाद में मुखिया लक्ष्मी कोया ने ग्रामीणों की समस्या के निदान के लिए पहल करते हुए अपने पति के साथ मिलकर योजना बनाई . 15 में वित्त मद से निर्माण कार्य की रूपरेखा तय की. इस मौके पर पूर्व मुखिया सुनील कच्छप , समाजसेवी लीला मुंडा ,धापा उराव, रसीद मीर,अजय गोप, विकास महतो अनिल पन्ना,वार्ड सदस्य प्रीति देवी शिवनारायण गोप आदि थे.

### सिल्ली एनएम के बीच मेडिकल किट का वितरण

**सिल्ली/मुरी।** हिण्डालको इंडस्ट्रीज के सीएचआर फंड से सिल्ली ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद (सीएससी) में कार्यरत एनएम के लिए मेडिकल किट का वितरण बीडीओ रेनू बाला ने किया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे हिंडालकी इकाई के बी होहित चौरासिया, सिल्ली रेफरल प्रभारी प्रभारी डॉ प्रियकर कुमारी और हिंडालको सीएसआर हेड अनिल सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया. इस अवसर पर हिंडलको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के हेड रोहित चौरासिया ने कहा, हमारी पहल से हम उन सभी नर्सेज का सम्मान करते हैं . समारोह में उपस्थित रहे हिंडलको सीएसआर हेड अनिल सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी सीएसआर पहल सिल्ली क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने में मदद कर रही है.

### जिप सदस्य ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**मांडर ।** करगे पंचायत के ग्राम बहेराटोली में मंगलवार को 15 वें वित्त आयोग निधि से बनने वाली 345 फिट पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास जिप सदस्य बिनोदित तिग्गा ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस नाली का निर्माण हो जाने से जल जमाव की समस्या दूर होंगी . जल जमाव से ग्रामीणों को राहत मिलेगी. मौके पर मुखिया शांति उरांव, जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य यूनुस अन्सारी, मुखिया प्रतिनिधि चमरा उरांव,वार्ड सदस्य जावेद अंसारी, सदर बसारत अंसारी, इमरान अन्सारी, इरशाद अन्सारी, अमीरन खातून, अनीसा खातून लुकमान अन्सारी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे.

---

# कुछ दिन पूर्व चोरी किए गए सोलर प्लेट्स को चोरों ने वापस किया

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

- ग्रामीणों ने अखबार के प्रति कृतज्ञता जताई.

**सुनील कुमार गुप्ता**

**लापुंग ।** लापुंग थाना क्षेत्र के शाहेदा गांव में पिछले दिनों हुई सोलर प्लेट्स एवं पैनल की चोरी के बाद में अखबार में छपी समाचार के बाद चोरों में सद्बुद्धि जगी और खबर का असर देखा गया. चोरों ने विगत सोमवार की रात्रि सभी छह की संख्या में चोरी किए गए सोलर प्लेट्स को वापस 12000 लीटर क्षमता वाले जलमीनार के नीचे कमरे में वापस रख दिया गया. मंगलवार की सुबह



वापस किए गए सोलर प्लेट्स .

शाहेदा गांव के लोगों ने चोरी किए गए सोलर प्लेट्स को जल मीनार के पास पाया तो लोग दंग रह गए. ग्रामीणों ने बताया कि अखबार में खबर खबर छपने के बाद संभव आता है चोरों में सद्बुद्धि जग गई. पीने की पानी के लिए तरस रहे लोगों के प्रति संभवत चोरों के मन में मानवता ने जन्म लिया और उन्होंने चोरी किए गए सोलर प्लेट्स को वापस टंकी के पास रख दिया गया. इससे ग्रामीणों में खुशी के लहर छा गई है. हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि मामले में पुलिस ने दबाव बनाया होगा और पुलिस के दबाव में चोरों ने सोलर प्लेट्स को वापस रख दिया. बताया जा रहा है कि लगभग डेढ़ लाख रुपए की कीमत वाले सोलर प्लेट्स की चोरी हो जाने के बाद गांव के लोगों में पेयजल संकट गहरा गया था. गांव के राजेंद्र सिंह , पूर्व पंचायत समिति सदस्य विश्वनाथ उरांव, सुमित मिंज,अशोक उरांव, नंद सिंह, अजीत सिंह, भोला सिंह, लखन सिंह, सनिका भगत, उषा देवी, कलेश्वरी देवी, सुसारी देवी, उर्मिला देवी, सावित्री देवी साहित्य दर्जनों लोगों ने खुशी जताई और अखबार के प्रति कृतज्ञता जतायी.

# एक बार मौका दें, विकास करके दिखाएंगे : डॉ.भगत

**संवाददाता। मांडर**

प्रखंड के तिग्गा कॉम्प्लेक्स ब्रांबे में मांडर प्रखंड स्तरीय बैठक समाजसेवी शमीम अख़्तर आज़ाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मांडर प्रखंड कमिटी का गठन किया गया. जिसमे सर्वसम्मति से जमाउद्दीन अंसारी को मांडर प्रखंड का प्रखंड प्रभारी बनाया गया. बैठक में विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रभारी का गठन किया गया. जिसमे सुरसा पंचायत प्रभारी नेसार अख्तर, नसीम अंसारी, टिगोई अम्बा टोली पंचायत प्रभारी तहारत अंसारी, सकरा पंचायत प्रभारी मोद्दासिर हक, करगे पंचायत प्रभारी अंजर अंसारी, मलती पंचायत प्रभारी मो अली अंसारी,



बरगड़ी पंचायत प्रभारी मंसूर आलम, कैंबो पंचायत प्रभारी नेजार अंसारी, नगड़ा पंचायत प्रभारी सईद अंसारी, ब्राम्बे पंचायत प्रभारी सुफियान अंसारी, मुरमा पंचायत प्रभारी अब्दुल मजीद एवं असलम अंसारी. बैठक को संबोधित करने वालो में हाजी शाकिर इस्लाही, मौलाना रफीक, मजीद अंसारी, अमानुल्लाह अंसारी, जमाउद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, नसीम अंसारी, मोद्दसीर आलम. इस अवसर पर मो अली अंसारी, अजबूल अंसारी, फिरदौस खान, परवेज अंसारी, अफरोज अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# तमाड़ विस क्षेत्र में 10 साल से ठप है विकास कार्य : राजा पीटर

**संवाददाता। बुंडू**

तमाड़ विधानसभा में पिछले 10 वर्षों से विकास कार्य नहीं हुए , नहर क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जानेवाली सड़क नहीं बनी . उक्त बातें पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने कही, वे मंगलवार को बुंडू में एक प्रेस से बात कर रहे थे.उन्होंने आगे कहा कि पिछले छह महीना से लगातार क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों का हाल जाना.देखा गांव में जल मीनार बना पाइप बिछाया गया लेकिन पानी नहीं मिला.राशन वितरण में में भारी गड़बड़ी है. विकलांगों को स्वस्थ बीमा योजना का लाभ नहीं मिल रहा है.पेंशन भी नहीं मिल रहा है. बुंडू नगर का आधा हिस्सा अंधेरा में डूबा है . उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में सौंदर्यकरण के लिए पूरे नगर पंचायत का निविदा किया. बड़ा तालाब में सुंदरीकरण के नाम पर लूट मची है, राजा पीटर ने आगे कहा कि बिरसा विकास समिति के बैनर तले जनता के मुद्दे पर लड़ाई लड़ेंगे.इ स मौके पर विनय कुमार मुंडा, रोशन महतो, नीतीश पांडे, प्रमोद भगत, संतोष जायसवाल, गौतम शुक्ला आदि थे.

# हेमंत वन, टू ओर थ्री ने झारखंड को तुष्टीकरण की आग में झोंक दिया

**संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा भाजपा पर हिंदू, मुस्लिम करने के बयान पर कड़ी आपत्ति किया. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत 1,2 और 3 में तुष्टीकरण का नंगा नाच हुआ. सरकार ने पांच वर्ष जमकर मुस्लिम तुष्टीकरण के नाम पर नंगा नाच किया. बहुसंख्यकों की भावना को चोट पहुंचाया. इसी सरकार ने सर्वप्रथम हिंदू फल दुकान लिखने पर जमशेदपुर में एक व्यक्ति को जेल भेज दिया था. इसी सरकार के कार्यकाल में एक आ ई ए ए स अधिकारी ने कांग्रेस के विधायक को



नसीहत देते हुए कहा था कि मैं भी मुसलमान हूं और आप भी मुसलमान के वोट से जीतते हैं, इसलिए थोड़ा तमीज में रहें. प्रतुल ने कहा इसी सरकार ने तुष्टीकरण के तहत दुर्गा मां की प्रतिमाओं का साइज को सीमित कर दिया था और छठ पर्व को घाट में मनाने पर पाबंदी लगा दी थी.

**सरकारी विद्यालयों को जबरन उर्दू विद्यालय बना दिया :** प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन कैसे भूल सकते हैं कि उनकी सरकार के कार्यकाल में ही सामान्य सरकारी विद्यालयों को जबरन उर्दू विद्यालय बना दिया गया. छुट्टी का दिन भी रविवार से बदल कर शुक्रवार बिना सरकार की अनुमति के कर दिया गया. यह तो वही सरकार है जो प्रतियोगी परीक्षाओं से हिंदी को मुख्य विषय से हटकर उर्दू को शुमार करती है.

---

**बैठक** बेड़ो प्रखण्ड एसएस 2 विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

# बेड़ो एसएस प्लस 2 विद्यालय की समस्याओं होगा समाधान : विधायक

**संवाददाता। बेड़ो**

मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बेड़ो एसएस प्लस 2 विद्यालय की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और एक सप्ताह के अन्दर विद्यालय की सुधरी हुई तस्वीर अवश्य नज़र आनी चाहिये. मंगलवार को बेड़ो प्रखण्ड के एसएस प्लस 2 विद्यालय बेड़ो में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिये समर्पित है . इसे विद्यालय में दिखायी भी देना चाहिये.मंगलवार की बैठक में रांची के जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, बेड़ो के बीडीओ रोहित उरांव,



बेड़ो पहुंची विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत करती महिलाएं.

सीओ प्रताप मिंज, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आयता उरांव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, उप प्रमुख मोदिसर हक, बडा. बाबु,जितेंद्र कुमार, बीपीओ विकास भूषण, देव कुमार,एसएमसी के सदस्य अमिता कच्छप, मोहम्मद फैज अहमद के साथ ही विद्यालय की प्राचार्य हेनरिता मिंज शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हुए. बीडीओ ने विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड बनाने का आश्वासन दिया. वहीं विधायक ने विद्यालय को अच्छे तरीके से संचालित करने के लिए विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यालय प्रबंधन समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में पानी, बिजली, शौचालय, भवन के नवनिर्माण सहित सभी समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गयी और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये.

### विधायक ने टीआरडब्ल्यू इटकी का निरीक्षण किया

**इटकी ।** मांडर विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफर्मर को लेकर हो रही बड़ी समस्या को देखते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इटकी स्थित टीआरडब्लू का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान विधायक ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के कई सारे खराब ट्रांसफर्मर को पाया. जिसे देख कर्मचरियों को हिदायत दी कि आप सभी लोग अपने कामों मे तेजी लाये. ताकि क्षेत्र मे ट्रांसफर्मर को लेकर जो समस्या है उसका जल्द निराकरण हो पाये .विधायक ने बिजली विभाग के कई पदाधिकारियों से भी बात की .मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, विधायक प्रतिनिधि अबू माज़, पंचायत अध्यक्ष अबरार इमाम,अहमद अंसारी, प्रभात लकड़ा, अयाज अंसारी, शादाब आलम आदि शामिल थे.

